

दिनांक 21-08-2020 दिन (शुक्रवार) को बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज, कौल, कैथल के आंतरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ ( IQAC) व ग्लोबल हिंदी-साहित्य शोध-संस्थान के संयुक्त तत्त्वावधान एवं उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा, पंचकूला द्वारा प्रायोजित 'नई शिक्षा नीति 2020 : विविध आयाम' विषय पर डॉ० नीता खन्ना कुलपति, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की अध्यक्षता में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय वेबिनार में भारत से अनेकों मूर्धन्य विद्वानों सहित असंख्य साहित्य-प्रेमियों एवं शोधार्थियों ने सक्रिय भाग लिया । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में उपस्थित विद्वानों का वाचिक अभिनंदन महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ० बलबीर सिंह जी के द्वारा और कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष एवं वेबिनार के संयोजक डॉ० ऋषिपाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य-अतिथि माननीय चौधरी कंवर पाल गुज्जर, शिक्षा मंत्री, हरियाणा सरकार ने अपने वक्तव्य में नई शिक्षा नीति 2020 से संबंधित परियोजनाओं से परिचित कराते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुसार प्रत्येक स्कूल में प्राथमिक (आरम्भिक) शिक्षा सभी बच्चों को मातृभाषा में प्रदान की जाएगी । उन्होंने बताया कि पहले पढ़ा लिखा बेरोजगार व्यक्ति व्यवसायात्मिक शिक्षा के अभाव में अनपढ़ व्यक्ति के नीचे काम करता था । अब नई शिक्षा नीति के अंतर्गत सभी कक्षाओं में रोजगार परक तकनीकी शिक्षा की भी व्यवस्था की जाएगी। जिससे वह व्यक्ति आत्मनिर्भर बनेगा और समाज को गति प्रदान करेगा। उन्होंने अपने वक्तव्य के अंत में यह भी कहा कि हमें अपनी संस्कृति, संस्कार व मूल से जुड़ना बहुत जरूरी है, जिससे कि चाणक्य आदि भारतीय विद्वानों की नीतियों को जानकर, भारतीय शिक्षा प्रणाली एवं गुरु शिष्य परंपरा को हम समझ सके । कार्यक्रम के मुख्यवक्ता डॉ० मारकंडेय आहूजा, कुलपति, गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम ने नई शिक्षा नीति 2020 की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पहली नीति है जो सरकार द्वारा आरोपित ना करके जन-जन द्वारा अनुमोदित नीति है। उन्होंने कहा कि इस भौतिक संसार में परिवर्तन परम आवश्यक है, जो हमने पहले सीखा है वह मार्गदर्शन हो सकता है, परंतु जीवन में कुछ नया सीखना या कुछ नया परिवर्तन ही शिक्षा है । उन्होंने अपने वक्तव्य के अंत में कहा की यह नई शिक्षा नीति अवश्य ही मानवीय अंतर्दृष्टि को गहरा कर समाज व राष्ट्र को उन्नत करेगी। कार्यक्रम के द्वित्तीय मुख्य-वक्ता प्रोफेसर आर० के० मित्तल कुलपति, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी, हरियाणा ने नई शिक्षा नीति पर परिचर्चा करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी, समाज और राष्ट्र कैसा हो यह सब शिक्षा पर निर्भर करता है। 34 वर्षों के बाद हुआ यह परिवर्तन अवश्य ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करता हुआ, भारत को विश्वगुरु के पद पर पुनः स्थापित करेगा। उन्होंने समाज में फैली हुई कुरीतियों के बारे में विचार करते हुए कहा की विश्वविद्यालय को समाज की समस्याओं के ऊपर भी शोध कार्य करवाना चाहिए ताकि शोध से एक परिशुद्ध समाधान निकल कर सामने आए। वेबिनार की मुख्य अध्यक्षा डॉ. नीता खन्ना, कुलपति, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र ने कहा की नई शिक्षा नीति ज्ञान विज्ञान की आवश्यकताओं के अनुरूप है। यह निश्चय से ही सभी का शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास करते हुए भारत को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देगी। कार्यक्रम का समापन, डॉ० कामराज सिन्धु, चेयरमैन, ग्लोबल हिंदी साहित्य शोध संस्थान, के द्वारा वेबिनार में उपस्थित सभी मूर्धन्य विद्वानों एवं प्रतिभागियों के धन्यवाद ज्ञापन द्वारा संपन्न हुआ। अंत में डॉक्टर ऋषिपाल संयोजक एवं अध्यक्ष, हिंदी-विभाग द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य विद्वानों एवं संयोजक टीम का व पत्रकार बंधुओं का धन्यवाद किया। महाविद्यालय प्रबन्धक-समिति के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह जी ने सफल कार्यक्रम की प्राचार्य एवं आयोजक मंडल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।


बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय
कौल, कैथल, हरियाणा-136021
(Affiliated to K.U.K. NAAC accredited 2nd cycle with 2.85 score)
आंतरिक गुणवत्ता सुनश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC)
ग्लोबल हिन्दी साहित्य शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित
एवं
उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा द्वारा प्रायोजित
एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार (Webinar)
विषय : नई शिक्षा नीति 2020: विविध आयाम
मुख्य अतिथि
चौ. कंवर पाल गुर्जर
शिक्षा मंत्री, हरियाणा सरकार
21 अगस्त, 2020
शुक्रवार
(प्रात: 10:30 बजे)
मुख्य वक्ता
डॉ. मारकण्डेय आहूजा
कुलपति
गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम
मुख्य वक्ता
प्रो. आर. के. मित्तल
कुलपति, चौधरी बंसीलाल
विश्वविद्यालय भिवानी, हरियाणा
कार्यक्रम अध्यक्षा
डॉ. नीता खन्ना
कुलपति
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र
स्वागत उद्बोधन
डॉ. बलबीर सिंह
प्राचार्य
धन्यवाद ज्ञापन
विषय-प्रवेश
डॉ. ऋषिपाल
संयोजक


बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय, कौल परिवार आप सभी विद्वान साथियों, सम्मानित शिक्षाविदों, IQAC प्रकोष्ठ के सभी सम्मानीय संयोजक बंधुओं, आदरणीय साहित्यकारों, समीक्षकों, प्यारे शोधार्थियों एवं पत्रकार मित्रों को उपरोक्त वेबिनार में सादर आमन्त्रित करता है।
महत्वपूर्ण निर्देश :-
यह ई-संगोष्ठी ऑनलाईन पटल पर आयोजित की जाएगी।
प्रतिभागिता ई-प्रमाण पत्र प्रतिक्रिया फॉर्म (Feedback Form) भरने पर ही प्राप्त होंगे।
पंजीकरण के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।
पूर्ण भागीदारी करने वाले प्रतिभागियों को ही ई-प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।
वेबिनार संबंधी तकनीकी पूछताछ के लिए सम्पर्क-सूत्र:
ई-मेल : barjckaulwebinar@gmail.com Website : www.barjckaul.com
उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा द्वारा प्रायोजित
वेबिनार से जुड़ने के लिए लिंक
https://www.facebook.com/barjckaul/live/
मुख्य-संरक्षक
चौधरी तेजवीर सिंह
प्रधान, प्रबंधक समिति
संरक्षक
डॉ. बलबीर सिंह
प्राचार्य
संयोजक
डॉ. ऋषिपाल
(IQAC, Convener)
सह-संयोजक
डॉ. कुसुम
डॉ. संदीप कुमार
समन्वयक
डॉ. पुष्पा
डॉ. पारस मणि
आयोजक सचिव
डॉ. राजीव कुमार गाबा
आयोजक समिति
डॉ. ईश्वर सिंह
डॉ. ममता रानी
श्रीमती कोमल रानी
डॉ. सुरभि
डॉ. प्रेरणा
डॉ. अमनदीप कौर
श्रीमती मुकेश चहल
डॉ. विशम्भर दास
डॉ. अनीता
डॉ. दीप चंद
डॉ. राधिका खन्ना
डॉ. नैन्सी गुलाटी
डॉ. सोनिया
डॉ. अमित कुमार
पंजीकरण के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक करें
https://forms.gle/iWfMsnHxqFH7u2Mn7


10:49
(15)
Dr pushpa (You)
Aanchal Yadav
Ch. Kanwar Pal Education...
Dr. Rishipal Khanchi
Others in the meeting (11)
A
Aanchal Yadav
NEW